भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1089
उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

तेलंगाना में आईआईएम की स्थापना

†1089**. श्री बलराम नाइक पोरिका:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के हिस्से के रूप में तेलंगाना में आईआईएम स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी क्या स्थिति है और अब तक इसमें कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): वर्तमान में 21 आईआईएम हैं जिनमें से 7 आईआईएम (तीसरी पीढ़ी के रूप में वर्गीकृत) वर्ष 2015 के बाद स्थापित किए गए थे। इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय द्वारा तेलंगाना राज्य में हैदराबाद विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू) तथा मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयू) का संचालन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, संसद ने हाल ही में लगभग 890 करोड़ रुपये की लागत से मुलुगु में सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन किया है।

*****